भगवाधारी हिन्दू एकता मंच ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, आवारा मवेशियों के लिए गौशाला बनाने की मांग

संबलपुर : भगवाधारी हिन्दु एकता मंच ने शहर के सड़कों एवं चौक-चौराहों पर आवारा घुम रहे मवेशियों के लिए गौशाला बनाए जाने की मांग की है। मंच ने मंगलवार को इस सिलसिले में डीएम शुभम सक्सेना से मुलाकात किया और उन्हें ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि पिछले कुछ माह के अंतराल में शहर के चौक-चौराहों पर आवारा मवेशियों की संख्या काफी बढ़ गई है। जिसके कारण यातायात की समस्या तो गंभीर हो ही रही है, साथ दुर्घटना के आसार भी बन गए हैं। समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। इसके बावजूद नगर निगम प्रबंधन उन मवेशियों को अन्यत्र ले जाने की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने इस सिलसिले में कई बार नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा की। इसके बावजूद भी मामले पर उचित कदम नहीं उठाया गया। मजबूरन उन्हें डीएम के समक्ष अपना दुखड़ा सुनाना पड़ा है। बताया जाता है कि डीएम ने उनकी मांगों को ध्यान से पढ़ा और इस दिशा में अपेक्षित पहल करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपनेवालों में मंच के गिरिश पटेल, प्रदीप कुमार बेहेरा, शिव कुमार दिवान एवं सौमित्र जति समेत अन्य लोग शामिल थे।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

राजगांगपुर : राजगांगपुर थाना अंतर्गत झगरपुर पंचायत के निकट लक्ष्मीमाल के पास ग्रामवासियों ने एक शव को पेड़ पर लटकते हुए हालात में देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों ने शव को जब्त किया है। मृत युवक की उम्र लगभग 32 है, मृत युवक की पहचान ना होने के कारण राजगांगपुर सरकारी अस्पताल के मॉर्ग हाउस में शव को रखा गया है। युवक ने खुदकुशी की है या हत्या कर उसकी लाश को टांगा गया है। इसकी जांच की जा रही है। शव की पहचान हो होने के बाद ही इसका पता चल पायेगा।

रास्ता जाम होने के कारण परीक्षा केंद्र में नहीं पहुंच पाये विद्यार्थी

वणई : वणई अनुमंडल के कोइड़ा अंचल के माइंस खदान एरिया की जर्जर सड़क से लोग परेशान हैं। जर्जर सड़कों के कारण हर समय यहां का रास्ता जाम रहता है। प्रतिदिन विद्यार्थी घर से विद्यालय विभिन्न गाड़ियों से आना-जाना करते हैं। इन दिनों इन स्कूलों में परीक्षा चल रही है। गाड़ियों के जाम के कारण आने-जाने में इतना विलंब हो रहा है कि दर्जन विद्यार्थियों को परीक्षा से वंचित होना पड़ा। इसे लेकर विद्यार्थियों में आक्रोश है और अभिभावकों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर ना लगे।

राष्ट्रीय राजमार्ग में सक्रिय डकैत गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

➲ **पुलिस ने नकद, रिवाल्वर, चाकू, स्कूटी व तीन मोबाइल फोन आदि सामग्री बरामद की हैं**

संबलपुर : संबलपुर पुलिस की विशेष टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग में सक्रिय डकैत गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने गिरोह के सात मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनका नाम बादल मुंडा एवं अमूल्य महाराणा (दोनों पुटीबंध निवासी), डंबरूधर मिर्धा (कुदोपाली निवासी), रेंचू बेहेरा (ठेमरा निवासी), गौरहरि बाग (एनगुहालेन निवासी) एवं सूर्या सिंह (मिलपाड़ा-खेतराजपुर निवासी) बताया गया है। आरोपियों के पास से नकद 42 हजार रुपया, रिवाल्वर, चाकू, स्कूटी एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया हैं। टाउन थाना में बुलाए गए प्रेस कांफ्रेंस में आरोपियों को पत्रकारों के समक्ष पेश किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित एसडीपीओ भवानी उदगाता ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लूटपाट एवं छिनतई की घटना बढ़ गई है। पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती बन गया था। गत 28 अक्टूबर को इस गिरोह के सदस्यों ने परमाणपुर इलाके में कुछ अज्ञात युवक ने एक ट्रक को रोका और ड्राईवर से मारपीट करने के बाद नकदी एवं मोबाइल फोन छिनकर फरार हो गए थे। इसके दो दिन बाद ही आरोपियों ने सदर थाना इलाके के ठेमरा इलाके में इस तरह लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने एक सोची समझी रणनीति के तहत धनुपाली में लूट की घटना को अंजाम दिया। गिरोह के इस करतूत ने पुलिस के लिए मुसीबत खड़ाकर दिया था। अंततः एसपी डा. कनवर विशाल सिंह ने इस गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने का दिशा-निर्देश जारी कर दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। इस टीम के सदस्यों ने सिलसिलेवार तरीके से इस पूरे मामले की छानबीन आरंभ किया और अंततः में इस गिरोह का पर्दाफाश किया गया। एसडीपीओ उदगाता ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अहम सुराग दिया हैं। जिसके बलपर पुलिस अपनी कार्रवाई आगे बढ़ा रही है। आनेवाले दिनों में गिरोह के कुछ और सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में एसडीपीओ भवानी उदगाता के अलावा खेतराजपुर, सदर, धनुपाली एवं अंईठापाली के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

पुलिस व आबकारी विभाग ने 200 क्विंटल से अधिक महुआ जब्त की

राजगांगपुर : राजगांगपुर अंतर्गत कुत्रा ब्लाक स्थित पेट्रोल पंप के निकट संतोष कुमार के घर से राजगांगपुर पुलिस और आबकारी विभाग के अधीक्षक रामजी पटेल अपने टीम के साथ कुत्रा पुलिस अधिकारी लक्ष्मीधर परिडा ने मंगलवार को संतोष कुमार के घर छापेमारी कर 200 क्विंटल से अधिक महुआ जब्त की हैं। मिली जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार के घर पर जब दोपहर के वक्त धूप में महुआ के सुखाये जाने से महुआ की बू होने लगी तो, आसपास के लोगों ने आबकारी विभाग एवं राजगांगपुर पुलिस को इसकी सूचना दी थी। सूचना पा कर आबकारी विभाग एवं राजगांगपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सुखाये हुए महुआ और गोदाम में अवैध रूप से रखे हुए महुआ को जब्त कर लिया है और आगे की छानबीन की जा रही है। इस छापेमारी में आबकारी विभाग के अशोक पटेल, प्रशांत पत्ती, चंद्रशेखर खंडा, श्रीनिवास, बिसोई, संजय कुमार आमात, चंद्रकांत बेहेरा, सूर्यकान्त स्वाई सत्यजित खाटूआ व राजेन्द्र बारीक आदि सदस्य उपस्थित थे।

रेलवे अधिकारी की उम्मीदों से हुए निराश, अब उच्च न्यायालय की जाने की तैयारी : जहांगीर हक

राउरकेला : दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस तृणमूल कांग्रेस के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जहांगीर हक ने जानकारी देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों से अपने अधिकार के लिए लड़ रहें हैं। जो लारजेस स्कीम से वंचित आश्रितों के बच्चों को नौकरी नहीं मिलने के कारण यूनियन का समर्थन लेकर चक्रधरपुर मंडल एवं कोलकाता हेडक्वार्टर के जीआरसी स्थित महाप्रबंधक मुख्यालय में विगत कई महीनों से अपने अधिकार पाने के लिए रैली निकाली गई, विरोध प्रदर्शन किया गया लेकिन अभी तक अधिकारियों की ओर से किसी प्रकार की ना ही निर्णय लिया गया और ना ही कोई कार्रवाई की गई। इसको लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस तृणमूल कांग्रेस ट्रेड यूनियन के पक्ष में केंद्रीय संयुक्त महामंत्री जहांगीर हक ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों के हित में मेंस तृणमूल कांग्रेस हमेशा से आवाज उठाते आया है। जहांगीर ने कहा कि रेलवे बोर्ड के निर्देश रेल कर्मचारियों के हित में जो भी योजना जारी किया जाता है। उसे समय पूर्वक कार्य करना चाहिए। इस मौके पर अमित शर्मा, अमर यादव, शंकर गोप, अश्विनी महातो व दिलीप महातो प्रमुख आदि ने सहमति जताई।

वेदव्यास संगीत नृत्योत्सव की चौथे शाम शानदार नृत्य का प्रदर्शन

➲ **छोटे-छोटे बच्चों ने लोकनृत्य प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया**

राउरकेला : 22वें वेदव्यास संगीत नृत्योत्सव 2019 के उपलक्ष्य में चौथे शाम में सुमधुर संगीत एवं शानदार नृत्य का प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि पांच दिवसीय शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत एवं लोक नृत्य असाधारण का आयोजन भंज सांस्कृतिक ट्रस्ट के सांस्कृतिक शाखा भंज कला केन्द्र द्वारा किया जा रहा है और राउरकेला के भंज भवन के विशाल मैदान में यह आयोजित की जा रही है। ग्रुप महाप्रबंधक और बिजनेस यूनिट के प्रमुख (एनएसपीसीएल, राउरकेला: बनिब्रता बसु ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बसु ने क्षेत्र में कला और संस्कृति के प्रचार के लिए भंज कला केन्द्र के प्रयासों की सराहनी की। वेदव्यास शंख, कोयल एवं सरस्वती नदी के पवित्र संगम में है। इसी तरह वेदव्यास संगीत नृत्योत्सव शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत और लोक नृत्य का एक संगम है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रारंभ में गुरु बीणपाणी रथ एवं भंज कला केन्द्र के कलाकार द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विशाखापट्टनम के अंबिकेश्वर कुचिपुड़ी डांस अकादमी के कलाकारों द्वारा आकर्षक समूह कुचिपुड़ी नृत्यु प्रस्तुत किया गया। रघुराजपुर के अभिनंदन सुंदरी गोटीपुअ परिषद के कलाकारों द्वारा आकर्षक लोक नृत्य गोटीपुअ का मंचन किया गया। जिन्होंने यूरोप और एशिया के कई देशों में अपने शानदार प्रदर्शन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा अर्जित की है। गुरु मानस और सागरिका के निर्देशन में भंज कला केन्द्र के छोटे-छोटे बच्चों ने लोक नृत्य प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रारंभ में भंज कला केन्द्र के महासचिव राधाकृष्ण महापात्र ने सभा का स्वागत किया। शशांक पटनायक और कोएना दस्तीदार ने कार्यक्रम का एंकरिंग किया।

कुतरा ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर फिर हाथियों का आतंक, दहशत में ग्रामीण

राजगांगपुर : शहर समीप कुतरा ब्लाक के बड़गांव वनविभाग अधीन गांवों में फिर एक बार हाथियों के आवागमन से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। विगत पांच दिनों से पांच हाथियों का एक झुंड लगातार जूराजाम, सिआलजोर, तुनमुरा व मगांपाडा में देर गए रात गांवों में घुसकर फसलों को नष्ट कर सुबह होते ही जगंल की ओर वापस लौट जाते हैं, लेकिन रात होते ही फिर गांव की ओर चले आने से एक तरफ ग्रामीणों में खौफ एवं दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर अपने-अपने खेतों की रखवाली करने के लिए ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं। गांव वालों के अनुसार ये पांच हाथियों का झुंड खेतों की फसलों को नष्ट करने के बाद जूराजाम जगंल की ओर भोर होने से पहले वापस लौट जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विगत कई दिनों से इस इलाके में हाथियों का उत्पाद जारी है, लेकिन अभी तक वन विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किए जाने के क्रम में हाथियों का उत्पाद निरंतर जारी है जो एक अनहोनी दुर्घटना को आमंत्रण करने के लिए काफी है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग के अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि उनके नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द की जाए।

असहाय को सेवा मुहैया कराया स्वेच्छा सेवी

राउरकेला : एक असहाय व्यक्ति को शहर के अन्य अग्रणी स्वेच्छा सेवी संगठन के अध्यक्ष तथा युवा स्वेच्छा सेवी अभिनाश शुक्ला ने सेवा की मद्द की। मिली जानकारी के अनुसार पिछले 10 दिनों से राजगांगपुर सरकारी अस्पताल में प्रमोद कुमार पड़ा हुआ था। उनके पैर में घाव था जिसमें कीड़े हो गये थे, जिसके कारण वह राजगांगपुर के सरकारी अस्पताल में पड़ा तड़प रहा था। प्रमोद कुमार का कोई रिश्तेदार नहीं होने के कारण अस्पताल में ऐसा ही असहाय पड़ा रहा पर उसका सही इलाज नहीं किया जा रहा है इसकी शिकायतें हो रही थी। जिसकी सूचना पाकर राजगांगपुर के निवासी एमडी अजहर उदीन ने उसे इलाज के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल ले जाने के लिए स्वेच्छा सेवी संस्थान आखि के अध्यक्ष शुक्ला से फोन के जरिये संर्पक किया। शुक्ला के सलाह के बाद 108 एम्बुलेंस के जरिए प्रमोद कुमार को राउरकेला ले जाया गया और शुक्ला ने प्रमोद को अस्पताल में भर्ती कराया।

राउरकेला म्यूजिक सर्कल ने मनायी विजय उत्सव

राउरकेला : राउरकेला म्यूजिक सर्कल में विजय उत्सव मनाया गया। जिसमें संस्थान के सलाहकार महेंद्र पटनायक ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के रूप में राउरकेला अतिरिक्त जिलापाल येदुला विजय शामिल रहे। उन्होंने कहा कि हरेक व्यक्ति में कलाकार छुपा है। इसे निष्ठा के साथ तथा मेहनत के बल पर विकसित किया जा सकता है। इनका विकास करने के लिए संस्थान तथा व्यवस्था की प्रमुख भूमिका रही है। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि प्रतिष्ठित कवि डा. कृपासिंधु नायक, संस्थान के अध्यक्ष शारदा प्रसाद नायक तथा सचिव अलका चांद आदि ने वक्तव्य दिया। स्पंदना गीता मंत्र तथा स्नेहलता नायक ने वैदिक मंत्र का गान करने के बाद कार्यक्रम का आरंभ किया गया। गुरू पंकज प्रधान, बुध्द प्रसाद राव, डा. सुशांत पति, मीरा मिश्र, सुब्रत भुयां तथा सुदेस्उारानी राउत के निर्देश में कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। प्राध्यापक भवेश चंद्र साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। वहीं भास्कर चंद्र महापात्र ने सभी का धन्यवाद किया।

जिला कांग्रेस ने बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

संबलपुर : जिला कांग्रेस की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी गुरु की अध्यक्षता में हुए। इस बैठक में कमेटी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, सभी ब्लॉक के अध्यक्ष, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्षा तथा पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साहू बैठक में पर्यवेक्षक के तौरपर उपस्थित रही।

बाजुओ में है कितना दम, दिखाए गये दंडियापाली में दम

➲ **सुपर 20 की कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित**

➲ **प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया**

राउरकेला : प्राचीनकालों से चली आ रही कुस्ती (दंगल) प्रतियोगिता खेल लोप पाता जा रहा है। इस खेल को पुनः प्रचलन किये जाने को लेकर सामाजिक संगठन सुपर 20 की ओर से उठाया गया है। सुपर 20 के अध्यक्ष नितेश कुमार के नेतृत्व में दंडियापाली में कुस्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ व्यवसायी तथा समाजसेवी नंदकिशोर शर्मा, डा. राजकुमार यादव तथा सम्मानित अतिथि के रूप में प्रियंका सिंह, बिरेन्द्र यादव, पत्रकार कामेश्वर चौधरी, संजय साहू, ओरीजीनल पावरक्लब के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, मुन्ना राय, दिनेश कुशवाह, चतुरी सिंह, नेताजी, जवाहर प्रसाद, राज महतो, रवि महारणा, क्रांति प्रसाद, राजेशजायवाल व रमेश कुमार साह आदि प्रमुख उपस्थित थे। मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि यह खेल प्राचीनकाल से होता आ रहा है। आज इस खेल के प्रति कोई रुचि नहीं रखते हैं। लेकिन इस खेल को सुपर 20 के संगठन द्वारा इसे आगे ले जाने का जोर दिया जा रहा है, जिसमें सभी को सहयोग करना चाहिए।

मुख्य अतिथि शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा यह आयोजन बहुत ही सराहनीय है। कुश्ती वहीं खेल सकते है जिसके बाजूओं में दम होगा। संगठन के अध्यक्ष नितेश कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक के पुरुषों ने बड़-बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सेवाभावी शशिकुमार राय का सराहनीय योगदान रहा। सेवाभावी राजेश्वर यादव, मनोज कुमार नायक, रमेश कुमार साह संयुक्त रूप से विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सुपर 20 के उपाध्यक्ष सौम्यरंजन साहू, सलाहकार रमेश कुमार साह, क्रांति प्रसाद, राज महतो व रवि महारणा शामिल रहे। कुश्ती का खेल नॉक आउट मुकाबले के रूप में खेला गया। इस प्रतियोगिता में कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र किया गया।

MCL

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा

दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल(http://coalindiatenders.nic.in)) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल ((http://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है। परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

क्र. सं.	निविदा आईडी	कार्य/सेवा का नाम	निविदा मूल्य (₹)
1	2019_MCL_153929_1	G.I. profile sheet shed for Burnt oil storage at Regional Store, Lingaraj Area.	4851992.00
2	2019_MCL_153985_1	Renovation of Project Office complex under Bharatpur Area.	9647860.00
3	2019_MCL_154065_1	Renovation of Dispensary at N.S. Nagar Colony under Bharatpur Project,Bharatpur Area.	1496383.00
4	2019_MCL_154092_1	Hiring of an Innova or equivalent Covered vehicle with AC fitted (Diesel) for 24 hours duty for use at District Collector / Addl. District Magistrate and senior Officers, Angul for 365 days in one year.	1030760.00
5	2019_MCL_154100_1	Extension work of Brahmani Club (Officer Club) Bharatpur Project,Bharatpur Area.	3732503.00
6	2019_MCL_154115_1	Hiring of a Mahindra Bolero / Tata Pick up or equivalent cabin seat 4 plus 1 and minimum 1 (one) Ton Load capacity in rear load body for 24 hours duty for use at Ananta OCP, Jagannath Area for 682 days in 02(two) years.	1868680.00
7	2019_MCL_154117_1	Supply of Spares for ACE Rhino 90C Cranes.	10734.00
8	2019_MCL_154139_1	Procurement of spares of Loudhailing phone.	76636.00
9	2019_MCL_154142_1	Procurement of UDM Spares.	291425.00
10	2019_MCL_154090_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR REPAIRING OF LUCAS MAKE 35 AMP ALTERNATOR OF DIFFERENT EQUIPMENTS OF CWS_X TALCHER.	632229.00
11	2019_MCL_154166_1	SUPPLY OF CALIBRATION FLUID.	98960.00
12	2019_MCL_154160_1	Hiring of One (01) No. Diesel Covered jeep Bolero / Sumo or equivalent, 8 plus 1 seater with AC fitted, Daily 24 hours operation for a period of one year for Talcher Police St ation, Talcher with monthly limit within 4262.50 km	935704.00
13	2019_MCL_154200_1	Supply of Spares (Hyd. Cylinder)for Tata Hitachi make Ex 1200 Hyd. Excavator.	1052696.00
14	2019_MCL_154223_1	Procurement of spares for LHD and UDM.	753117.00
15	2019_MCL_154208_1	Repairing works of Office-cum-Guest house of MCL Bhubaneswar for damage caused due to cyclone FANI.	3103364.00
16	2019_MCL_153897_1	PROCUREMENT OF KIT FOR TOP ROLLERS AND BOTTOM ROLLERS	1149910.00
17	2019_MCL_154185_1	Cleaning of spillage coal in and around all the circuits and conveyors of Feeder Crusher of Jagannath OCP, Jagannath Area for a period of two years	6181407.00
18	2019_MCL_154237_1	AMC work for day to day electrical maintenance work at Feeder Crusher of Jagannath OCP, Jagannath Area	998535.00
19	2019_MCL_154288_1	Supply and fixing of 64 nos. energy meter along with updation of wiring in executive quarters of colonies under SOCP and LOCP, IB Valley Area	951174.00
20	2019_MCL_154270_1	Supply of M. S. Flange.	611240.00
21	2019_MCL_152908_1	Supply of Drugs for Muscle Skelital Disorder for NSCH AND RH, Talcher.	839417.00
22	2019_MCL_154337_1	Hiring of 01 No. Bolero Camper or Pick-Up Van or equivalent vehicle having seating capacity of 5 (4 plus 1) and loading capacity of minimum 01 ton on rear body for 24 hrs duty, max 3360 km run per month for a period of two years (341 working days per)	1756088.00
23	2019_MCL_154332_1	Supply of Rotating Assy for Kriloskar Pump (Model SCT 200/48)	660564.00
24	2019_MCL_154392_1	Annual repair and maintenance of masonry work of GM Complex colony of IB Valley Area.	977141.00
25	2019_MCL_154400_1	Comprehensive Annual Maintenance contract for 80 Nos of different types of Air conditioners at Central Hospital, IB Valley Area for a period of one year (305 working days per year as per requirement).	567816.00
26	2019_MCL_154397_1	Hiring of 01 no. Diesel Driven Pick up van (Mahindra Bolero/Tata or equivalent) with 4plus1 seating capacity and minimum 1(one) Ton Load capacity in rear body, for 24 hrs. Duty and average run of 3000 KM per month, for Orient Area, MCL for 03 years.	2639340.00
27	2019_MCL_154412_1	Supply of Jetting Hose.	318936.00
28	2019_MCL_154447_1	Providing tyre inflation Room at field section of GOCP of Basundhara Area	341091.00
29	2019_MCL_152546_1	Tarfelting over the roof of Rajanigandha and repairing of false ceiling of Rajanigandha Club at Jagruti Vihar, MCL, HQ, Sambalpur (Second Call).	478423.00
30	2019_MCL_154379_1	Hiring of 01 AC Bolero having min seating capacity 6plus1 on 24 hours duty per day max run 5600 km per month for 2 years (683 working days) (2049 working shifts) in GM Pool at KA with 3 drivers i.e 1 driver per shift (3 shifts per day)	1844783.00
31	2019_MCL_154451_1	Annual Maintenance Contract of Day to Day cleaning of HEMM at Lajkura Open Cast Project for a period of 2 years(610 days) excluding Sundays and PHDs. (Providing 9 unskilled Labour)	2706333.00
32	2019_MCL_154497_1	Cleaning of Road from Dera chhak to GVTC Chhak under Jagannath Area for a period of 1(one) year.	968491.00
33	2019_MCL_154531_1	Retreading of 20.5 R 25 size OTR Tubeless tyres of CAT 14M Motor Grader of Samaleswari OCP, IB Valley Area.	165200.00
34	2019_MCL_154496_1	Non Comprehensive Annual Maintenance Contract for environmental telemonitoring system of mine No. 3 of Orient Area, MCL, for a period of One year	806788.00

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन नं.0663-2542695/2542264, ई-मेल : hlp-eproc.mcl@coalindia.in) R-4949

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंम्बर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें।